	कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर **(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)**	

आमेर के मावठे में आज होगा श्रमदान

हेरिटेज निगम की अपील पर जुटेंगे 20 से अधिक सामाजिक संगठन और संस्था

हेरिटेज निगम के जागो जयपुर जगमग जयपुर अभियान के तहत हेरिटेज निगम शनिवार को आमेर के मावठा सरोवर में सफाई करेगा। सुबह सात बजे से दो घंटे तक चलने वाले इस अभियान में शहरभर से बड़ी संख्या में लोग मावठे को स्वच्छ बनाने के लिए श्रमदान करेंगे। इस संबंध में आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि सफाई अभियान में हेरिटेज निगम मुख्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी जुडेंगे, साथ ही निगम के चारों जोन के उपायुक्त और निगमकर्मी, फायरकर्मी भी मावठे की सफाई करेंगे। वहीं, हेरिटेज निगम की अपील पर शहर के व्यापार मण्डल, विभिन्न सामाजिक संस्थाएं और स्कूल भी इस अभियान में अपना श्रमदान करेंगी। हमारे प्राकृतिक जल स्त्रोत साफ और संरक्षित रहे, इसी उद्देश्य को ध्यान रखते हुए हेरिटेज निगम आमेर के मावठे में ये विशेष सफाई अभियान चलाएगा। इस अभियान में शहरवासी प्लॉगिंग एक्टिविटी यानि मॉर्निंग वॉक करते हुए श्रमदान कर आमजन को स्वच्छता का संदेश देंगे। हेरिटेज निगम आगे भी अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर साफ सफाई करेगा।

– ये जुटेंगे श्रमदान में

पर्यटन विभाग, आमेर महल कर्मचारी, जयपुर व्यापार महासंघ, गोपाल जी का रास्ता व्यापार मण्डल, मनिहारों का रास्ता व्यापार मण्डल, जलमहल व्यापार मण्डल, आमेर व्यापार मण्डल, रामगढ रोड व्यापार मण्डल, सी फॉर एनजीओ, होटल एसोसिएशन,जयपुर, क्लब महिन्द्रा, सुबोध स्कूल, भूमि एनजीओ, ग्राम भारती समिति आमेर, नई उमंग एनजीओ, जलमहल वेंडर्स, एनएसएस टीम, कदम्ब कुण्ड एवं ताल कटोरा विकास समिति, महावीर इंटरनेशनल एनजीओ, जय भारत जन चेतना मंच।